नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 159 वी बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 24–07–2013

स्थानः कुलपति सभाकक्ष
नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय
कुमारगंज , फैजाबाद

समय : 3 .00 बजे अपरान्ह

उपस्थित :

| | |
|---|---|
| 1– डा0 आर0 एस0 कुरील , कुलपति | – अध्यक्ष |
| 2– श्री धुब कुमार त्रिपाठी माननीय सदस्य विधान परिषद | – सदस्य |
| 3– श्री अब्दुल मशहूद खॉ माननीय सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 4– श्रीमती नन्दिता शुक्ला ,माननीय सदस्या विधान सभा | – सदस्य |
| 5– श्री सुरजन संयुक्त सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान | – सदस्य |
| 6– श्री अशोक कुमार सिंह सहा0लेखाधिकारी प्रतिनिधि , अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन फैजाबाद मण्डल फैजाबाद । | – सदस्य |
| 7– श्री अरूण कुमार त्रिपाठी प्रतिनिधि निदेशक कृषि उ0प्र0 | – सदस्य |
| 8– डा0 हरेन्द्र सिंह प्रतिनिधि निदेशक पशुपालन उ0प्र0 | –सदस्य |
| 9– श्री बंशी लाल यादव , कृषि वैज्ञानिक | –सदस्य |
| 10–श्री छेदी सिंह प्रगतिशील कृषक | – सदस्य |
| 11–श्री शिवजीत यादव ,पशु प्रजनक | – सदस्य |
| 12–श्रीमती सुचिता तिवारी ,प्राख्यात उद्योगपति | – सदस्य |
| 13–डा0 रेहाना सिद्दीकी सामाजिक महिला कार्यकत्री | – सदस्या |
| 14–श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव ,वित्त नियंत्रक | – सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति /अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद ने बैठक में प्रथम बार भाग लेने वाले माननीय सदस्य श्रीमती नन्दिता शुक्ला ,माननीय सदस्य विधान सभा , श्री शिवजीत यादव , श्री छेदी सिंह ,डा0 रेहाना सिद्दीकी, एवं श्रीमती सुचित तिवारी का स्वागत किया तथा माननीय सदस्यों का परिचय कराया। तदुपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई एवं निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**प्रस्ताव सं0 159:1 प्रबन्ध परिषद की गत 159 वी बैठक दिनांक 25–03–2013 की कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 159 वीं बैठक दिनांक 25–03–2013 की कार्यवाही की पुष्टि की गयी ।

**प्रस्ताव सं0 159:2 प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयो पर कृत कार्यवाही की सूचना :–**

प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से प्रबन्ध परिषद अवगत हुयी एवं निम्न सुझाव दिये गये :–

24/7/13

**प्रस्तावसं0157:5** उत्तर प्रदेश शासन के वेतन समिति–2008 की संस्तुतियो पर लिये गये निर्णयानुसार सहायता प्राप्त शिक्षक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिये सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0) की व्यवस्था को विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों पर लागू करने हेतु विचार एवं निर्णय ।

विश्वविद्यालय के शिक्षगेत्तर कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0) का लाभ शासनादेश में निहिन प्रवधानों के अन्तर्गत दिनांक 31 अगस्त 2013 तक सभी कर्मचारियों को कराये जाने का प्रयास विश्वविद्यालय द्वारा किया जाय तथा सेवानिवृत्त कर्मियों को भी नियमानुसार लाभ अनुमन्य कराया जाय ।

**प्रस्तावसं0157:6** **राजकीय वाहन चालकों की भॉति विश्वविद्यालय के वाहन चालकों को उ0प्र0शासन , लखनउ के कार्मिक अनुभाग–1 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0 13/12/93 टी0सी0–का–1–142–2009 दिनांक 6–7–2009 उ0प्र0 सरकारी विभाग ड्राइवर सेवा (प्रथम संशोधन ) नियमावली 2009 के अन्तर्गत ग्रेडवार वेतन प्रदान करने हेतु विचार एवं निर्णय ।**

शासनादेश में निहित शर्तो के अुनसार विश्वविद्यालय के वाहन चालकों को अतिशीघ्र लाभ अनुमन्य कराया जाय ।

**प्रस्तावसं0157:7** **विश्वविद्यालय में नियमित वेतन भुगतान न होने के कारण शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये हडताल अवधि का वेतन भुगतान किये जाने हेतु विचार एवं निर्णय ।**

विश्वविद्यालय के शिक्षकों ,वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को हडताल अवधि का वेतन भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में शीघ्र प्रकरण के निस्तारण हेतु निम्न समिति गठित की गयी :–

| | |
|---|---|
| 1–श्री अब्दुल मशहूद खॉ माननीय सदस्य विधान सभा | – अध्यक्ष |
| 2–श्री शिवजीत यादव माननीय सदस्य प्रबन्ध परिषद | –सदस्य |
| 3–डा0 रेहाना सिद्दीकी, मान0सदस्या प्रबन्ध परिषद | –सदस्य |
| 4–श्रीमती सुचिता तिवारी , मान0सदस्या प्रबन्ध परिषद | –सदस्य |
| 5–डा0 पी0के0 गुप्ता कुलसचिव/निदेशक प्रशा0एवं परि0 – | सदस्य |
| 6–श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव सहा0वित्त नियंत्रक | – सदस्य/ सचिव |

प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों द्वारा इस सम्बन्ध में अपेक्षा की गयी कि समिति एक माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराया जाय ।

24/7/13

**प्रस्तावसं0157:8** विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों /वैज्ञानिकों /शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के उपरान्त अवशेष अर्जित अवकाश के नकदीकरण की सुबिधा प्रदान करने पर विचार एवं निर्णय ।

संयुक्त सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उ0प्र0शासन ने अवगत कराया कि उक्त लाभ सरकारी सेवकों को ही दिया जायेगा । प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रकरण पर पर्याप्त विचार विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि चैप्टर XX(A) में निहित दिशा निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के उपरान्त अवशेष अर्जित अवकाश के नकदीकरण की सुबिधा प्रदान किये जाने के लिए पुनः अनुस्मारक उ0प्र0शासन के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को प्रेषित किया जाय ।

**प्रस्ताव स0157:10 विश्वविद्यालय में नियोजित दैनिक श्रमिकों को चतुर्थ श्रेणी के न्यूनतम वेतन रू0 7000/— प्रतिमाह तत्काल प्रभाव से भुगतान हेतु विचार एवं निर्णय ।**

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा पारित आदेश के कम में विश्वविद्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही से प्रबन्ध परिषद अवगत हुयी। प्रबन्ध परिषद द्वारा यह सुझाव दिया गया कि शेष बचे दैनिक श्रमिको के पारिश्रमिक की दर पुनरीक्षण विषयक शासनादेश उप श्रमायुक्त फैजाबाद से प्राप्त करके नये दर से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाय तथा जब तक पुनरीक्षित पारिश्रमिक का शासनादेश प्राप्त नही हो जाता है तब तक पुराने दर से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाय ।

**प्रस्ताव स0158:6 विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कृषि विकास से सम्बन्धित महत्वपूर्ण केन्द्र पोषित एवं केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के सफल संचालन हेतु कृषि अनुसंधान और विस्तार /प्रसार के बीच प्रभावी तालमेल स्थापित किए जाने तथा प्रसार सुधार योजना के अन्तर्गत सस्य प्रदर्शनों के आयोजन एवं फार्म स्कूल चलाने विषयक प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का अभिमत था कि इस विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों /कृषि ज्ञान केन्द्रों द्वारा विभिन्न जनपदों के किसानों के लाभ के लिए प्रदर्शन ,प्रशिक्षण , किसान गोष्ठी एवं किसान मेलों का आयोजन किया जाय तथा केन्द्र का सुदृढीकरण किया जाय । श्री शिवजीत यादव माननीय सदस्य ने सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा जिलों में पौधरोपण कराया जाय । माननीय कुलपति जी ने माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र पर एक किसान मेले का आयोजन किया जायेगा तथा विश्वविद्यालय मुख्यालय पर दिनांक 12—8—2013 को दीक्षान्त समारोह के पश्चात एक पार्क स्थापित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यो द्वारा कराया जायेगा ।

24/7/13

**प्रस्ताव स0158:7** विश्वविद्यालय का आय व्ययक वर्ष 2012–13 पुनरीक्षित एवं अनुमान वर्ष 2013–14 पारित किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।

कुलपति महोदय द्वारा माननीय सदस्यों को विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति के बारे में अवगत कराया और विश्वविद्यालय के आय में हुयी वृद्वि किये जाने के सम्बन्ध में कुलपति महोदय द्वारा किये गये प्रयासों के सम्बन्ध में माननीय सदस्यों द्वारा सराहना की गयी और निम्न सुझाव दिये गये :–

1– जनपद बलरामपुर एवं प्रतापगढ में बकरी पालन को बढावा दिये जाने के प्रयास किये जाय ।

2– श्री शिवजीत यादव माननीय सदस्य द्वारा सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा अधिकार क्षेत्र के जनपदों में सगन्ध एवं औषधीय पौधों के बारे में कार्यक्रम चलाया जाय ।

3– जनपद लखनऊ मे विश्वविद्यालय का एक शिविर कार्यालय/गेस्ट हाउस की व्यवस्था के सम्बन्ध में माननीय सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया और श्री ध्रुब कुमार त्रिपाठी माननीय सदस्य विधान परिषद द्वारा सुझाव दिया गया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ को भूमि आवंटन के लिए एक पत्र प्रेषित किया जाय जिसकी प्रतिलिपि श्री त्रिपाठी को भी प्रेषित की जाय जिससे वे अपने स्तर से प्राधिकरण से विश्वविद्यालय को भूमि उपलब्ध कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके ।

**प्रस्ताव स0158:8 प्रबन्ध परिषद के 123वीं बैठक दिनांक 26–2–2004 में लिये गये निर्णय में अवर अभियन्ता (विद्युत) के पदों को सीधी भर्ती के स्थान पर पदोन्नति से ।**

अवर अभियन्ता (विद्युत ) के पद को सीधी भर्ती के स्थान पर पदोन्नति से भरे जाने के लिए उ0प्र0शासन के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को पुनः अनुस्मारक भेजा जाय ।

**प्रस्ताव सं0159:3 परीक्षा कार्य हेतु कुलसचिव कर्यालय के लिए एक बोलेरो वाहन कय किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

कुलसचिव कार्यलय के लिए एक बोलेरो वाहन को परीक्षा कार्यो हेतु बाह्य परीक्षा के चकीय निधि से कय करने के लिए माननीय सदस्यो द्वारा वित्त उप समिति की बैठक दिनांक 24–7–2013 में की गयी संस्तुति के अनुसार प्रबन्ध परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी ,परन्तु संयुक्त सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग एवं अपर निदेशक कोषागार के प्रतिनिधि ने सुझाव दिया कि वाहन के क्रय हेतु शासन की अनुमति प्राप्त कर ली जाय ।

**प्रस्ताव सं0 159: 4 राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत परियोजना द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित योजना "Conservation ,Propagaton and Genetic Improvement of Sahiwal Cattle in Eastern U.P. "को इस विश्वविद्यालय में 4 वर्षो के लिए कार्यान्वित किए जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

उक्त योजना को विश्वविद्यालय के अ्धीन संचालित किये जाने के लिए प्रबन्ध परिषद ने वित्त उप समिति की बैठक दिनांक 24–7–2013 की संस्तुति के अनुसार परियोजना में निहित दिशा निर्देशो के अनुसार कियान्वित किये जाने का निर्णय लिया ।

24/7/13

प्रस्ताव सं0159: 5 राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत परियंजना द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित योजना "**Establishment of Regional Pesticide Residual Analysis Laboraroty** "को इस विश्वविद्यालय में 3 वर्षो के लिए कार्यान्वित किए जाने पर विचार एवं निर्णय ।

उक्त योजना को विश्वविद्यालय के अधीन संचालित किये जाने के लिए प्रबन्ध परिषद ने वित्त उप समिति की बैठक दिनांक 24–7–2013 की संस्तुति के अनुसार परियोजना में निहित दिशा निर्देशो के अनुसार क्रियान्वित किये जाने का निर्णय लिया ।

**प्रस्ताव सं0159:6 चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार एवं न्र्णिय :–**

**1– मत्स्य उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र करनैलगंज गोण्डा हेतु आवश्यक पदों पर नियुक्तियों हेतु चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उ0प्र0शासन के शासनादेश स0 755/67–कृशिअ–13–500(1)/06 टी0सी0 दिनांक 10–5–2013 द्वारा इस विश्वविद्यालय के अधीन मत्स्य उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र करनैलगंज गोण्डा हेतु पदों की स्वीकृति प्रदान की गयी है । तत्क्रम में नियमानुसार प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में विज्ञापन संख्या 2/2013 द्वारा विज्ञापित किया गया था तथा एतदर्थ सक्षम स्तर से गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर एक पद सह निदेशक /सह प्राध्यापक (अनारक्षित ) , एक पद सहायक प्राध्यापक (अनारक्षित ) , एक पद सहायक प्राध्यापक (अन्य पिछडा वर्ग) तथा एक पद सहायक प्राध्यापक (अनुसूचित जाति ) , नियुक्ति हेतु संस्तुत किये गये है ,जो आरक्षण नियमों के संगत है ।

चयन समिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया ।

**2– पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय ,कुमारगंज फैजाबाद हेतु आवश्यक पदों पर नियुक्तियों हेतु चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उ0प्र0शासन के शासनादेश स0 188/67–कृशिअ–13/200(2)/11 दिनांक 15–5–2013 द्वारा इस विश्वविद्यालय के अधीन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के विभिन्न विभागों हेतु 23 स्वीकृत पदो ( प्राध्यापक 11, सह प्राध्यापक 09 एवं सहायक प्राध्यापक 03) को भरे जाने की अनुमति प्रदान की गयी है । उल्लेखनीय है कि 02 सहायक प्राध्यापकों का चयन सह प्राध्यापक के पद पर विज्ञापन सं0 1/2012 ( दिनांक 01 जुलाई 2012 ) में हो गया था तथा 06 सहायक प्राध्यापकों का चयन विज्ञापन संख्या 3/2013 के द्वारा किया गया है । इस

24/7/13

प्रकार विश्वविद्यालय में कुल 08 सहायक प्राध्यापकों के पद रिक्त हो गये तथा 03 सहायक प्राध्यापक के पदों को भरने की अनुमति शासनादेश दिनांक 15–5–2013 द्वारा दी गयी है । इसी आधार पर कुल 11 सहायक प्राध्यापकों एवं 07 सह प्राध्यापक के पदों पर चयन हेतु एतदर्थ सक्षम स्तर से गठित समिति द्वारा दिनांक 5–7 जुलाई 2013 को साक्षात्कार के आधार पर सहायक प्राध्यापक के 11 पदों एवं सह प्राध्यापकों के 06 पदों पर भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वी0सी0आई0)के मानकों के अनुरूप नियुक्ति हेतु संस्तुत किये गये है ,जो आरक्षण नियमों के संगत है ।

चयन समिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया ।

**3– कृषि विज्ञान केन्द्रो हेतु विषय वस्तु विशेषज्ञों एवं कार्यकम समन्वयकों के पदों पर नियुक्तियों हेतु चयन समिति की संस्तुतियो का अनुमोदन ।**

कृषि विज्ञान केन्द्रों के विषय वस्तु विशेषज्ञों के 26 पदों एवं कार्यक्रम समन्वयकों के 11 पदों को विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार भरे जाने हेतु नियमानुसार प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में विज्ञापन संख्या 2/2012 द्वारा विज्ञापित किया गया था , तथा एतदर्थ सक्षम स्तर से गठित समिति द्वारा दिनांक 17–22 जुलाई 2013 को साक्षात्कार के आधार पर विषय वस्तु विशेषज्ञ के 16 पदों को ( अनुसूचित जाति) ,10 पदों को ( अन्य पिछडा वर्ग बैकलाग सहित) तथा 08 पदो को ( अनारक्षित ) श्रेणी से तथा कार्यकम समन्वयक के 04 पदों को (अनुसूचित जाति) ,04पदों को ( अन्य पिछडा वर्ग ) एवं 04 पदो को ( अनारक्षित ) श्रेणी मे , नियुक्ति हेतु संस्तुत किये गये है ,जो आरक्षण नियमों के संगत है । उल्लेखनीय है कि 03 विषय वस्तु विशेषज्ञ चयन प्रकिया के दौरान सेवानिवृत्त हो गये तथा 05 विषय वस्तु विशेषज्ञों का चयन कार्यक्रम समन्वयक के पदों पर हो गया है । अतः इन 08 विषय वस्तु विशेषज्ञों के पदों पर चयन करके पैनल बनाया गया है । इसी प्रकार 01 कार्यकम समन्वयक चयन प्रकिया के दौरान सेवानिवृत्त हो गये , इस प्रकार 11 कार्यकम समन्वयक के स्थान पर 12 कार्यकम समन्वयकों का चयन किया गया ।

चयन समिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया ।

24/7/13

... सह प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक को प्राध्यापक के पद पर असेसमेन्ट (**Assessment**) के आधार पर प्रोन्नत किये जाने का अनुमोदन ।

इस विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापकों एवं सह प्राध्यापको का असेसमेन्ट विगत लगभग 1C वर्षो से न हो सकने के कारण शिक्षक एवं वैज्ञानिक बिना प्रोन्नत के सेवानिवृत्त हो जा रहे थे । इन शिक्षको एवं वैज्ञानिकों का परिनियमों में प्रावधानित प्रकिया के अनुसार वार्षिक चरित्र प्रविष्टि एवं साक्षात्कार के आधार पर असेसमेन्ट प्रोन्नत किये जाने के लिए किया गया । एतदर्थ सक्षम स्तर से गठित चयन समिति द्वारा 03 सहायक प्राध्यापकों को सह प्राध्यापक एवं 21 सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक के पद पर प्रोन्नत किये जाने के लिए चयन समिति ने संस्तुति की ।

चयन समिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया ।

**अन्य निर्णय :–**

1– माननीय कुलपति महादेय ने माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में शिक्षकों का अभाव है जिसके कारणवश भारतीय पशु चिकित्सा परिषद नई दिल्ली ने इस विश्वविद्यालय में बी0बी0एस0सी0एण्ड ए0एच0 के प्रथम वर्ष मे प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा रखा है । इस सम्बन्ध में निदेशक पशुपालन उ0प्र0 के प्रतिनिधि डा0 हरेन्द्र सिंह ने अवगत कराया कि इस सम्बन्ध मे विश्वविद्यालय को जितने शिक्षकों की आवश्यकता है , के सम्बन्ध में एक माँगपत्र निदेशक पशुपालन उ0प्र0 एवं राज्य सरकार को भिजवा दिया जाय जिससे राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के विशेषज्ञ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से इस विश्वविद्यालय में अपनी सेवा दे सके जिससे महाविद्यालय का शिक्षण कार्य फिलहाल सुचारू रूप से चल सके ।

2– प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों द्वारा यात्रा भत्ता के अतिरिक्त कम से कम रू0 2000/– मानदेय दिये जानें का प्रस्ताव किया गया , जिसे सर्वसम्मति से मानदेय के रूप में यात्रा भत्ता के अतिरिक्त रू0 2000/– प्रति सदस्य इसी बैठक से भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुयी ।

( राकेश कुमार श्रीवास्तव )
वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

( आर0 एस0 कुरील)
कुलपति / अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।**

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0 / 8 / प्र0परि0–159वीं / लेखा / 2C13 / 479 दिनांक 24–7–2013

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

( राकेश कुमार श्रीवास्तव)
वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

## बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 12–08–2013

स्थानः कुलपति सभाकक्ष

नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय

कुमारगंज , फैजाबाद

समय : 3 .00 बजे अपरान्ह

उपस्थित :

| | |
|---|---|
| 1– डा0 आर0 एस0 कुरील , कुलपति | – अध्यक्ष |
| 2– श्री धुब कुमार त्रिपाठी माननीय सदस्य विधान परिषद | – सदस्य |
| 3– श्री अब्दुल मशहूद खॉ माननीय सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 4– श्रीमती नन्दिता शुक्ला ,माननीय सदस्या विधान सभा | – सदस्य |
| 5– श्री बंशी लाल यादव , कृषि वैज्ञानिक | –सदस्य |
| 6–श्री छेदी सिंह प्रगतिशील कृषक | – सदस्य |
| 7–श्री शिवजीत यादव ,पशु प्रजनक | – सदस्य |
| 8–श्रीमती सुचिता तिवारी ,प्राख्यात उद्योगपति | – सदस्य |
| 9–डा0 रेहाना सिद्दीकी सामाजिक महिला कार्यकत्री | – सदस्य |
| 10–श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव , प्रतिनिधि वित्त नियंत्रक | – सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति /अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद ने माननीय सदस्यों का स्वागत किया , तदुपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई एवं निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**प्रस्ताव सं0 160:1 प्रबन्ध परिषद की गत 159वी बैठक दिनांक 24–07–2013 की कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 159 वीं बैठक दिनांक 24–07–2013 की कार्यवाही की पुष्टि की गयी ।

**प्रस्ताव सं0 160:2 प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयो पर कृत कार्यवाही की सूचना :–**

प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से प्रबन्ध परिषद अवगत हुयी एवं माननीय सदस्यों द्वारा निम्न सुझाव दिये गये :–

13/8/13

प्रस्ताव सं0 157:5 उत्तर प्रदेश शासन के वेतन समिति–2008 की संस्तुतियो पर लिये गये निर्णयानुसार सहायता प्राप्त शिक्षक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिये सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0) की व्यवस्था को विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों पर लागू करने हेतु विचार एवं निर्णय ।

विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0) का लाभ शासनादेश में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय कर्मचारियों को तत्काल अनुमन्य कराया जाय तथा यथा सम्भव प्रयास किया जाय कि सभी कर्मचारियों को उक्त लाभ दिनांक 31 अगस्त 2013 तक अनुमन्य कराने का प्रयास किया जाये ।

प्रस्ताव सं0 157:6 राजकीय वाहन चालकों की भॉति विश्वविद्यालय के वाहन चालकों को उ0प्र0शासन, लखनऊ के कार्मिक अनुभाग–1 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0 13/12/93 टी0सी0–का–1–142–2009 दिनांक 6–7–2009 उ0प्र0 सरकारी विभाग ड्राइवर सेवा (प्रथम संशोधन ) नियमावली 2009 के अन्तर्गत ग्रेडवार वेतन प्रदान करने हेतु विचार एवं निर्णय ।

इस सम्बन्ध में माननीय सदस्यों ने विचार विमर्श किया एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस विश्वविद्यालय में कार्यरत वाहन चालको को शासनादेश में निहित शर्तो के अनुसार राजकीय वाहन चालकों की भॉति ग्रेडवार वेतन का लाभ पात्र वाहन चालकों को 31 अगस्त, 2013 तक अनुमन्य करा दिया जाय ।

प्रस्ताव सं0 157:7 विश्वविद्यालय में नियमित वेतन भुगतान न होने के कारण शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये हडताल अवधि का वेतन भुगतान किये जाने हेतु विचार एवं निर्णय ।

प्रबन्ध परिषद के निर्णयानुसार समिति गठित कर दी गयी है।

प्रस्ताव सं0 157:8 विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों /वैज्ञानिकों /शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के उपरान्त अवशेष अर्जित अवकाश के नकदीकरण की सुबिधा प्रदान करने पर विचार एवं निर्णय।

प्रबन्ध परिषद अवगत हुई।

13/8/13

**प्रस्ताव स0 157:10 विश्वविद्यालय में नियोजित दैनिक श्रमिकों को चतुर्थ श्रेणी के न्यूनतम वेतन रू0 7000/– प्रतिमाह तत्काल प्रभाव से भुगतान हेतु विचार एवं निर्णय ।**

उक्त बैठक में अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि उ0प्र0शासन के श्रम अनुभाग–3 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 714/36–3–13–01(अधि) /05 दिनांक 15 जुलाई 2013 के अनुसार दैनिक श्रमिको को मजदूरी की न्यूनतम दरें रू0 142/– प्रतिदिन की दर से पुनरीक्षित की गयी है। उक्त पुनरीक्षित दर को इस विश्वविद्यालय में दिनांक 01–08–2013 से लागू किये जाने के लिए प्रबन्ध परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया। चूँकि प्रकरण में वित्तीय उपाशय निहित है , अतः शासन के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की सहमति भी प्राप्त कर लिया जाय ।

**प्रस्ताव स0 158:6 विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कृषि विकास से सम्बन्धित महत्वपूर्ण केन्द्र पोषित एवं केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के सफल संचालन हेतु कृषि अनुसंधान और विस्तार /प्रसार के बीच प्रभावी तालमेल स्थापित किए जाने तथा प्रसार सुधार योजना के अन्तर्गत सस्य प्रदर्शनों के आयोजन एवं फार्म स्कूल चलाने विषयक प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद ने प्रभावी तरीके से योजनाओ को चलाने के लिए जोर दिया।

**प्रस्ताव स0 158:7 विश्वविद्यालय का आय व्ययक वर्ष 2012–13 पुनरीक्षित एवं अनुमान वर्ष 2013–14 पारित किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों ने इच्छा व्यक्त की कि इस विश्वविद्यालय के अधीन संचालित सभी 17 कृषि विज्ञान केन्द्रों ,04कृषि ज्ञान केन्द्रों एवं 06 फसल अनुसंधान केन्द्रों के प्रभारी अधिकारियों /समन्वयकों के नाम, पदनाम, पूरा पता एवं दूरभाष स0/मोबाइल नम्बर आदि प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों को उपलब्ध करा दिया जाय।

जनपद लखनऊ मे विश्वविद्यालय का शिविर कार्यालय/गेस्ट हाउस की स्थापना हेतु सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ को भूखण्ड आवंटित करने के लिए पत्र भेजे जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय के निदेशक (प्रशासन एवं परिवीक्षण) द्वारा प्रेषित पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0–7/प्र0प0/ 2013/819 दिनांक 12 अगस्त 2013 से प्रबन्ध परिषद अवगत हुयी । उक्त पत्र को श्री ध्रुब कुमार त्रिपाठी माननीय सदस्य विधान परिषद को बैठक के उपरान्त हस्तगत करा दिया गया ।

13/8/13

प्रस्ताव स0 158:8 प्रबन्ध परिषद के 123वीं बैठक दिनांक 26–2–2004 में लिये गये निर्णय में अवर अभियन्ता (विद्युत) के पदों को सीधी भर्ती के स्थान पर पदोन्नति से ।

अवर अभियन्ता (विद्युत ) के पद को सीधी भर्ती के स्थान पर पदोन्नति से भरे जाने के लिए उ0प्र0शासन के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को पुनः अनुस्मारक पत्र भेजा जाय ।

प्रस्ताव सं0 159:3 परीक्षा कार्य हेतु कुलसचिव कर्यालय के लिए एक बोलेरो वाहन कय किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।

कुलसचिव कार्यालय के लिए परीक्षा कार्यो हेतु बाह्य परीक्षा के चक्रीय निधि से एक वाहन कय करने के लिए प्रबन्ध परिषद के निर्णय के अनुसार उ0प्र0 शासन की अनुमति प्राप्त करने के लिए शासन को भेजे गये पत्र से प्रबन्ध परिषद अवगत हुयी । माननीय सदस्यो ने इस सम्बन्ध में सुझाव दिया कि शासन को अनुस्मारक भेजकर वाहन क्रय हेतु आवश्यक अनुमति शीघ्र प्राप्त कर ली जाय ।

प्रस्ताव सं0 159:4 राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत परियोजना द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित योजना **"Conservation, Propagation and Genetic Improvement of Sahiwal Cattle in Eastern U.P. "**को इस विश्वविद्यालय में 4 वर्षो के लिए कार्यान्वित किए जाने पर विचार एवं निर्णय ।

उक्त योजना को पूर्वी उ0प्र0 में क्रियान्वित किये जाने के लिए माननीय सदस्यों का विचार था कि पूर्वान्चल के अन्य जनपद भी चयनित किये जाये । इस सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि भारत सरकार के वित्त पोषण से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत मुख्य सचिव उ0प्र0शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय स्वीकृत समिति से संस्तुत है एवं अनुमोदन ,माननीय मुख्यमन्त्री उ0प्र0 द्वारा किया गया है , में जनपद लखनऊ एवं गोण्डा ही अनुमोदित है ।

माननीय सदस्यों का सुझाव था कि सदस्यो की भावनाओं के अनुरूप पूर्वान्चल के अन्य जनपदों को भी उक्त योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जाय जिससे पशुपालकों को लाभ मिल सके । इस सम्बन्ध मे सदस्यों ने निर्णय लिया कि पूर्वान्चल के अन्य जनपदों के चयन हेतु राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध किया जाय ।

13/8/13

प्रस्ताव सं0 159:6 चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार एवं निर्णय :–

1– मत्स्य उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र करनैलगंज गोण्डा हेतु आवश्यक पदों पर नियुक्तियों हेतु चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।

प्रबन्ध परिषद अवगत हुई ।

2– पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय ,कुमारगंज फैजाबाद हेतु आवश्यक पदों पर नियुक्तियों हेतु चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।

प्रबन्ध परिषद अवगत हुई ।

3– कृषि विज्ञान केन्द्रो हेतु विषय वस्तु विशेषज्ञों एवं कार्यक्रम समन्वयकों के पदों पर नियुक्तियों हेतु चयन समिति की संस्तुतियो का अनुमोदन ।

प्रबन्ध परिषद अवगत हुई।

4– विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापक को सह प्राध्यापक एवं सह प्राध्यानक को प्राध्यापक के पद पर असेसमेन्ट (Assessment ) के आधार पर प्रोन्नत किये जाने का अनुमोदन

प्रबन्ध परिषद अवगत हुई ।

प्रस्ताव सं0 160:3 शिक्षकों /वैज्ञानिकों के असेसमेन्ट (Assessment ) हेतु किये गये साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।

अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों /वैज्ञानिकों का परिनियमो में प्रावधानित प्रक्रिया के अनुसार वार्षिक चरित्र प्रविष्टि एवं साक्षात्कार के आधार पर असेसमेन्ट कराये जाने के लिए सक्षम स्तर से गठित चयन समिति द्वारा दो सहायक प्राध्यापकों को सह प्राध्यापक एवं छः सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक के पद पर प्रोन्नत किये जाने के लिए चयन समिति ने संस्तुति की ।

चयन समिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया ।

13/8/13

अन्य निर्णय :–

प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि :–

1– दिनांक 12–8–2013 को सम्पन्न विश्वविद्यालय के 15वें दीक्षान्त समारोह की समबन्धित फोटो सभी माननीय सदस्यों को कुलसचिव द्वारा उपलब्ध करायी जाय ।

2– कृषि विज्ञान केन्द्र जौनपुर द्वारा जनपद में गृह विज्ञान सम्बन्धी किया कलापों / प्रशिक्षणों आदि को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए एस0एम0एस0 गृह विज्ञान की व्यवस्था करायी जाय।

3– कृषि विज्ञान केन्द्रों पर उद्यान वैज्ञानिकों के माध्यम से नर्सरी की स्थापना कर पौध उपलब्ध कराया जाय जिससे जनपद के किसानों को अधिक से अधिक संख्या में पौध उपलब्ध हो सके ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई ।

13.8.2013
( राकेश कुमार श्रीवास्तव )
कृते वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

( आर0 एस0 कुरील)
कुलपति / अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0 / 8 / प्र0परि0–160वीं / लेखा / 2013 / 562 दिनांक 13–8–2013

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

13.8.2013
( राकेश कुमार श्रीवास्तव)
कृते वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 161 वीं बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 19–08–2013

स्थान: हाईटेक सभाकक्ष
नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
कुमारगंज , फैजाबाद ।

समय : 3 .00 बजे अपरान्ह

उपस्थित :

| | |
|---|---|
| 1– डा0 आर0 एस0 कुरील , कुलपति | – अध्यक्ष |
| 2– श्री अब्दुल मशहूद खॉ माननीय सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 3– श्री लक्ष्मण सिंह सिसोदिया अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन फैजाबाद मण्डल फैजाबाद | – सदस्य |
| 4– श्री बंशी लाल यादव , कृषि वैज्ञानिक | – सदस्य |
| 5–श्री छेदी सिंह प्रगतिशील कृषक | – सदस्य |
| 6–श्री शिवजीत यादव ,पशु प्रजनक | – सदस्य |
| 7–श्रीमती सुचिता तिवारी ,प्राख्यात उद्योगपति | –सदस्य |
| 8–डा0 रेहाना सिद्दीकी सामाजिक महिला कार्यकत्री | –सदस्य |
| 9–श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव , प्रतिनिधि वित्त नियंत्रक | – सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति /अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद एवं प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों ने श्री ध्रुब कुमार त्रिपाठी माननीय सदस्य विधान परिषद/प्रबन्ध परिषद जिनका कार्यकाल दिनांक 15–8–2013 को समाप्त हो गया है , के द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति में दिये गये योगदान एवं सुझावों की सराहना की , तदुपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई एवं निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**प्रस्ताव सं0 161:1 प्रबन्ध परिषद की गत 160वी बैठक दिनांक 12–08–2013 की कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 160 वीं बैठक दिनांक 12–08–2013 की कार्यवाही की पुष्टि की गयी ।

19/8/13

19.8.13

**प्रस्ताव सं0 161:2 प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में ल्यिे गये निर्णयो पर कृत कार्यवाही की सूचना :–**

प्रबन्ध परिषद की गत बैठको में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से प्रबन्ध परिषद अवगत हुई ।

**प्रस्ताव सं0 160:3 शिक्षकों /वैज्ञानिकों के असेसमेन्ट (Assessment ) हेतु किये गये साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।**

प्रबन्ध परिषद अवगत हुई ।

**प्रस्ताव सं0 161:3 श्री एन0बी0 सिंह ,विषय वस्तु विशेषज्ञ (फार्म मैनेजमेन्ट) कृषि ज्ञान केन्द्र देवरिया को अस्वस्थता के कारण स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रस्तुत प्रस्ताव के सन्बन्ध मे प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि श्री एन0बी0 सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ (फार्म मैनेजमेन्ट) कृषि ज्ञान केन्द्र देवरिया द्वारा स्वास्थ्य के सम्बन्ध में स्क्षम अधिकारी से मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त कर सेवान्विृत्ति हेतु अनुरोध किया जाय । उनकी पूर्व की सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुये प्रबन्ध परिषद द्वारा न्र्णिय लिया गया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सेवानिवृत्त किया जाय तथा उनकों सेवानिवृत्तक लाभ नियमानुसार अनुमन्य कराये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाय ।

**प्रस्ताव सं0 161:4 शिक्षकों /वैज्ञानिकों के असेसमेन्ट (Assessment ) हेतु किये गये साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।**

अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत श्क्षिकों /वैज्ञानिकों का परिनियमो में प्रावधानित प्रकिया के अनुसार वार्षिक चरित्र प्रविष्टि एवं सक्षात्कार के आधार पर असेसमेन्ट कराये जाने के लिए सक्षम स्तर से गठित चयन समेति द्वारा कृषि अर्थशास्त्र विषय के 01 सहायक प्राध्यापक को सह प्राध्यापक एवं 02 सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक तथा पादप प्रजनन एवं आनुवंशिकी विषय के 04 सहायक प्राध्यापकों के सह प्राध्यापक एवं 14 सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक के पद पर प्रोन्नत किये जाने के लिए चयन समिति ने संस्तुति की ।

चयन समिति की उपरोक्त संस्तुति को प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया ।

19/8/13

19.8.2013

अन्य निर्णय :–

प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों ने माननीय अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया कि प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को प्रबन्ध परिषद द्वारा विभिन्न समितियों मे माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यों के रूप में नामित किया जाता है और उन्हें विश्वविद्यालय के दिन प्रतिदिन के कार्यकलापों में सम्मिलित होना पडता है । इनकों विश्वविद्यालय के कार्यो को कुशलतापूर्वक सम्पन्न करने एवं अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सभी माननीय सदस्यों को उपहार स्वरूप एक–एक लैपटाप उपलब्ध कराये जाने का प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई ।

( राकेश कुमार श्रीवास्तव )
कृते वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

( आर० एस० कुरील)
कुलपति/अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

## नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।

**पत्रांक** एन0डी0यू0ए0टी0/8/प्र0परि0–161वीं/लेखा/2013/577 दिनांक 19–8–2013

**प्रतिलिपि** –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

( राकेश कुमार श्रीवास्तव)
कृते वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

## नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 162 वीं बैठक की कार्यवृत्त

**बैठक की तिथि : 22–09–2013**

स्थानः आयुक्त सभाकक्ष
कार्यालय आयुक्त फैजाबाद ।

समय : 10.00 बजे पूर्वान्ह

उपस्थित :

| | |
|---|---|
| 1– श्री संजय प्रसाद , कुलपति | – अध्यक्ष |
| 2– श्री अब्दुल मशहूद खॉ माननीय सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 3– श्रीमती नन्दिता शुक्ला माननीय सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 4– संयुक्त सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उ0प्र0शासन | – सदस्य |
| 6– श्री लक्ष्मण सिंह सिसोदिया अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन फैजाबाद मण्डल फैजाबाद | |
| 7– डा0 जी0एन0सिंह अपर निदेशक पशुपालन उ0प्र0 | – सदस्य |
| 8– श्री बंशी लाल यादव , कृषि वैज्ञानिक | – सदस्य |
| 9–श्री छेदी सिंह प्रगतिशील कृषक | – सदस्य |
| 10–श्री शिवजीत यादव ,पशु प्रजनक | – सदस्य |
| 11–श्रीमती सुचिता तिवारी ,प्राख्यात उद्योगपति | –सदस्य |
| 12–डा0 रेहाना सिद्दीकी सामाजिक महिला कार्यकत्री | –सदस्य |
| 13–श्री सुरेश चन्द्र उपाध्याय वित्त नियंत्रक | – सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद ने सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया । श्री छेदी सिंह ने प्रबन्ध परिषद के सदस्यों के तरफ से मान0अध्यक्ष/कुलपति श्री संजय प्रसाद का स्वागत एवं अभिनन्दन किया , तदोपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई एवं निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**प्रस्ताव सं0 162:1 प्रबन्ध परिषद की गत 161वी बैठक दिनांक 19–08–2013 की कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 161 वीं बैठक दिनांक 19–08–2013 की कार्यवाही की पुष्टि इस संशोधन के साथ की गयी कि शासन से प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को उपहार स्वरूप लैपटाप दिये जाने के सम्बन्ध में शासन का मार्गदर्शन प्राप्त कर लिया जाय ।

**प्रस्ताव सं0 162:2 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम 1958 की धारा 11( 1 ) के अन्तर्गत कुलपति के चयन हेतु गठित होने वाली समिति में प्रबन्ध परिषद के प्रतिनिधि के चुने जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

उर्पयुक्त प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद में विस्तृत चर्चा हुई । विचारोपरान्त प्रबन्ध परिषद द्वारा बहुमत के आधार पर सर्च कमेटी के सदस्य के रूप में श्री शिवजीत यादव ,माननीय सदस्य प्रबन्ध परिषद का नामांकन किया गया ।

**प्रस्ताव सं0 162:3 विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक/शिक्षकों के धरण –धारण अवधि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्न वैज्ञानिकों को उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि तक धरण–धारण अवधि विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया :–

1– डा0 गजेन्द्र सिंह प्राध्यापक दिनांक 28–02–2014 तक

2– डा0 शशांक शेखर सिह एस0एम0एस0(उद्यान) दिनांक 28–02–2014 तक

3– डा0 महेन्द्र प्रताप सिंह एस0एम0एस0(क्राप प्रोडक्शन) दिनांक 28–02–2014 तक

**प्रस्ताव सं0 162:4 विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक/शिक्षकों के धरण –धारण अवधि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्न वैज्ञानिकों को उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि तक धरण–धारण अवधि विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया :–

1– डा0 रूद्र प्रताप सिंह एस0एम0एस0(प्लान्ट प्रोटे0) दिनांक 28–02–2014 तक

**प्रस्ताव सं0 162:5 दिसम्बर 2009 से मार्च 2010 के मध्य हडताल अवधि के बकाया वेतन भुगतान के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा गठित उप समिति की संस्तुतियों पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा गठित उपसमिति की बैठक दिनांक 19–08–2013 में की गयी संस्तुतियॉ प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित की गयी ,परन्तु वेतन भुगतान के पूर्व शासन की अनुमति भी प्राप्त कर ली जाय ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई ।

( सुरेश चन्द्र उपाध्याय)
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

( संजय प्रसाद )
कुलपति/अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

## नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0 / 8 / प्र0परि0–162वीं / लेखा / 2013 / 747 दिनांक 22–09–2013

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

( सुरेश चन्द्र उपाध्याय)
वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 163 वीं बैठक की कार्यवृत्त**
**बैठक की तिथि : 29–11–2013**

**स्थान:** महानिदेशक सभाकक्ष
उ0प्र0कृषि अनुसंधान परिषद, किसान मण्डी भवन
अष्टम तल ,विभूतिखण्ड ,गोमतीनगर ,लखनऊ ।

**समय : 04.00 बजे अपरान्ह**

उपस्थित :

| | |
|---|---|
| 1– श्री संजय प्रसाद , कुलपति | – अध्यक्ष |
| 2– श्री अब्दुल मशहूद खॉ माननीय सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 3– श्रीमती नन्दिता शुक्ला माननीय सदस्य विधान सभा | – सदस्या |
| 4– श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह , माननीय सदस्य विधान परिषद | – सदस्य |
| 5– श्री सुरजन, संयुक्त सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उ0प्र0शासन | – सदस्य |
| 6– सुश्री निधि केसरवानी विशेष सचिव नामित प्रतिनिधि प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग | – सदस्या |
| 7– लक्ष्मण सिंह सिसोदिया अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन फैजाबाद मण्डल फैजाबाद | – सदस्य |
| 8– डा0 देव मित्र सिंह निदेशक कृषि उ0प्र0 | – सदस्य |
| 9– डा0 सुनील कुमार निदेशक पशुपालन उ0प्र0 | – सदस्य |
| 10– श्री बंशी लाल यादव , कृषि वैज्ञानिक | – सदस्य |
| 11–श्री छेदी सिंह प्रगतिशील कृषक | – सदस्य |
| 12–श्री शिवजीत यादव ,पशु प्रजनक | – सदस्य |
| 13–श्रीमती सुचिता तिवारी ,प्राख्यात उद्योगपति | – सदस्या |
| 14–डा0 रेहाना सिद्दीकी सामाजिक महिला कार्यकत्री | –सदस्या |
| 15–श्री सुरेश चन्द्र उपाध्याय वित्त नियंत्रक | – सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद ने बैठक में प्रथम बार भाग लेने वाले माननीय सदस्य श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह माननीय सदस्य विधान सभा का स्वागत किया । श्री छेदी सिंह ने भी प्रबन्ध परिषद के सदस्यों के तरफ से श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह का स्वागत एवं अभिनन्दन किया , तदोपरन्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई एवं निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**प्रस्ताव सं0 163:1 प्रबन्ध परिषद की गत 162वी बैठक दिनांक 22–09–2013 की कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 162 वीं बैठक दिनांक 22–09–2013 की कार्यवृत्त की पुष्टि नेम्नवत की गयी :–

**प्रस्ताव सं0 163:2 : प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना :–**

प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से प्रबन्ध परिषद अवगत हुयी एवं माननीय सदस्यों द्वारा निम्न सुझाव दिये गये :–

**प्रस्ताव सं0 160:3 शिक्षकों /वैज्ञानिकों के असेसमेन्ट (Assessment ) हेतु किये गये साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।**

शिक्षकों /वैज्ञानिकों के असेसमेन्ट के सम्बन्ध में प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया कि शासन/महामहिम श्री राज्यपाल जी के यहॉ से प्रकरण की जॉच कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है । अतएव जॉच पूरी होने तक प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही स्थगित रखे जाने का निर्णय लिया गया ।

**प्रस्ताव सं0 161:4 शिक्षकों /वैज्ञानिकों के असेसमेन्ट (Assessment ) हेतु किये गये साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन ।**

शिक्षकों /वैज्ञानिकों के असेसमेन्ट के सम्बन्ध में प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया कि शासन/महामहिम श्री राज्यपाल जी के यहॉ से प्रकरण की जॉच कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। अतएव जॉच पूरी होने तक प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही स्थगित रखे जाने का निर्णय लिया गया ।

**प्रस्ताव सं0 162:1 प्रबन्ध परिषद की गत 161वीं बैठक दिनांक 19–8–2013 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 161वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि प्रबन्ध परिषद की 162वों में की गयी थी । प्रस्ताव स0 160:3 जो शिक्षकों /वैज्ञानिको के असेसमेन्ट से सम्बन्धित है , में संशोधन करते हुए यह निर्णय लिया गया कि असेसमेन्ट सम्बन्धी बिन्दु पर अग्रेतर कार्यवाही स्थगित रखी जाय ।

**प्रस्ताव सं0 162:5 दिसम्बर 2009 से मार्च 2010 के मध्य हड़ताल अवधि के बकाया वेतन भुगतान के सम्बन्ध नें मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा गठित उप समिति की संस्तुतियों पर विचार एवं निर्णय ।**

शासन से प्राप्त निर्देश प्रत्रांक : 2283/67–कृशिअ–13–200 (01)/10 दिनांक 17.10.2013 के कम में 1130 कार्मिकों/अध्यापकों को हड़ताल अवधि के वेतन भुगतान के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही की जाय एवं शेष 38 प्राप्त आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में प्रबन्ध परिषद की उपसमिति का मन्तव्य प्राप्त कर प्रबन्ध परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय।

<u>प्रस्ताव सं0 163:3</u> कुलपति के चयन के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।

प्रस्ताव के संबधं में पर्याप्त विचार विमर्श हुआ । प्रबन्ध परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि शासन को यथा वांछित सहयोग प्रदान किया जाय ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई ।

( सुरेश चन्द्र उपाध्याय)
वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद

( संजय प्रसाद )
कुलपति / अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

## नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0 / 8 / प्र0परि0–163वीं / लेखा / 2013 / 1202 दिनांक 04.12.13

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

( सुरेश चन्द्र उपाध्याय)
वित्त नियंत्रक / सचिव
प्रबन्ध परिषद